दृष्टि The Vision

48-52 C.C. Exam., 2009

GENERAL HINDI

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें ।

उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दें ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 500 शब्दों में निबन्ध लिखिए :
   (क) राष्ट्र निर्माण और युवा पीढ़ी
   (ख) हमारी शिक्षा-प्रणाली
   (ग) मानव तो बढ़ते जाते पर मानवता घटती जाती
   (घ) इक्कीसवीं सदी का भारत : आपकी दृष्टि में
   (ङ) विज्ञापन और महिलाएं
   (च) जन-जागरण में समाचार-पत्रों की भूमिका ।

2. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिते हुए उसका एक उपर्युक्त शीर्षक दीजिए :

   भारतीय नारी, न्याय, बलिदान, साहस, शक्ति तथा सेवा की सजीव मूर्ति है । जीवन के सुख-दुःख में छाया की भाँति पुरुष का साथ देने के कारण, वह अर्द्धांगिनी, घर की व्यवस्थापिका होने के कारण वह लक्ष्मी, श्लाघनीय गुणों के कारण वह देवी कही जाती है । स्वार्थ और भोग-लिप्सा को तिलांजलि देकर भारतीय नारी ने आत्म-बलिदान द्वारा समय-समय पर ऐसी ज्योति प्रज्वलित की है कि उसके पुनीत प्रकाश में पुरुष ने अपना मार्ग ढूंढा है । उसकी शक्ति के सामने यमराज को हारना पड़ा है । सती सावित्री, वीरांगना लक्ष्मीबाई, तपस्विनी उर्मिला की दिव्य झाकियाँ प्रेरणा के स्रोत हैं और पुरुष का चेतना तथा जागरण का संदेश देती हैं । नारी का सम्मान करके ही पुरुष का जीवन कुसुम सुवासित होता है । भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं ।

3. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :
   (क) वह बुद्धिमान स्त्री है ।
   (ख) वृक्षों पर कोयल बोल रही है ।
   (ग) रामचरितमानस के रचेता तुलसीदास हैं ।
   (घ) यहाँ की जलवायु हमारे अनुरूप है ।
   (ङ) वह बड़ा निर्दयी है ।
   (च) सिंह बड़ा वीभत्स होता है ।
   (छ) सब लोग अपनी राय दें ।
   (ज) हिमालय पर्वत का राजा है ।
   (झ) पाँच रुपये में चीनी लाओ ।
   (ञ) वह अनेकों भाषाएँ जानता है ।

4. किन्हीं पाँच कहावतों-मुहावरों के अर्थ लिखिते हुए वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए :
   (क) अंधे के हाथ बटेर लगना
   (ख) अपना सा मुँह लेकर रहना

(ग) ईंट से ईंट बजाना

(घ) औंधी खोपड़ी होना

(ङ) कलेजा मुँह को आना

(च) अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता

(छ) ऊधो का लेना न माधो का देना

(ज) घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध

(झ) थोथा चना बाजे घना

(ञ) होनहार बिरवान के होत चीकने पात ।

5. क्रिया की परिभाषा देते हुए उसके भेदों पर सोदाहरण प्रकाश डालिये ।

6. **(क) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :**

(i) भौंरा (ii) मोर (iii) विष्णु (iv) पिता
(v) पक्षी (vi) पार्वती (vii) पवन (viii) गजानन
(ix) कपड़ा (x) मित्र ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच समानार्थी शब्दों के अर्थगत सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट करनेवाले वाक्य निर्मित कीजिए :

(i) अज्ञात और अज्ञेय (ii) अनुकम्पा और अनुग्रह
(iii) अध्ययन और अनुशीलन (iv) स्वीकृति और संस्तुति
(v) अपयश और कलंक (vi) आगामी और भावी
(vii) प्रणाम और नमस्कार (viii) युद्ध और लड़ाई
(ix) सम्राट और राजा (x) उपहास और व्यंग्य ।

7. **(क) निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रत्ययों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइये :**

(i) आड़ी (ii) ऐत (iii) अत (iv) आन
(v) इया (vi) उवा (vii) गर (viii) त्व
(ix) आलु (x) इत ।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइये :

(i) अधि (ii) अप (iii) परि (iv) वि
(v) पुनः (vi) उन (vii) भर (viii) अध
(ix) पुरा (x) सह ।